# रोगी सूचना पत्रिका
# गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड

### सोडियम एलजीनेट, सोडियम बाइकार्बोनेट, कैल्शियम कार्बोनेट

कृपया दवाई लेने से पहले इस सूचना पत्रिका को ध्यान से पढ़ें। अगर कोई निर्देश या जानकारी समझ ना आए तो अपने फार्मासिस्ट या डॉक्टर से संपर्क करें।

## गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड क्या है और इसका इस्तेमाल क्यों किया जाता है?

गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड उन दवाईयों की श्रेणी में आता है जिन्हें हम 'रिफ्लक्स सप्रेसेंट्स' कहते हैं, जो पेट में मौजूद पदार्थ की ऊपरी सतह पर एक परत बनाकर पेट के एसिड को भोजन नली में जाने से रोकते हैं और इससे होने वाले दर्द और बेचैनी से हमें राहत दिलाते हैं।

गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड का प्रयोग गैस्ट्रो-इसोफेजेएल रिफ्लक्स के लक्षण जैसे, मुँह में खट्टा पानी आना, सीने में जलन और बदहज़मी आदि के लिए होता है। ऐसे लक्षण कुछ परिस्तिथियों में जैसे खाने के बाद या गर्भावस्था के दौरान हो सकते है।

## गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड का प्रयोग करने से पहले

**इस दवा को न लें यदि:**
आपकी जानकारी में है कि इसमें इस्तेमाल किए जाने वाली किसी भी घटक सामग्री से आपको एलर्जी है, क्योंकि कुछ लोगों में (हालाँकि बहुत कम लोगों में) साँस की परेशानी और त्वचा पर लाल चकत्ते देखने को मिलें हैं।
( उत्पाद में इस्तेमाल की गयी घटक सामग्री के लिए "अधिक जानकारी" देखें।)

**गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड के साथ विशेष सावधानी बरतें:**
यदि आप इस दवा को लम्बे समय तक रोज़ाना लेना चाहते हैं तो आप अपने फार्मासिस्ट या डॉक्टर से परामर्श करें। विशेषकर जब आपको कम नमक खाने की सलाह दी गयी हो (उदाहरणार्थ जैसे कंजेस्टिव हार्ट फेलियर, गुर्दे से सम्बंधित समस्याएं, उच्च रक्त चाप और पाँव, टखने, टांगों और शरीर की सूजन आदि)।

यदि आपके रक्त में कैल्शियम का स्तर अधिक है, गुर्दों में कैल्शियम अधिक मात्रा में जमा होता है अथवा गुर्दे में बार-बार कैल्शियम युक्त पथरी बनती है तो सावधानी से इस दवा का प्रयोग करें।

इस दवा में मिथाइल और प्रोपाइल पैराहाइड्रॉक्सीबेन्जोएट्स हैं, जिससे एलर्जी हो सकती हैं (सम्भवतः इस्तेमाल के लम्बे समय पश्चात)।

आप गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान इस दवा का उपयोग कर सकते हैं।

**अन्य दवाइयों को लेते समय :**
किसी अन्य मुँह से लेने वाली दवाइयों को लेने के दो घंटे पश्चात तक इस दवा का प्रयोग न करें, अन्यथा यह कुछ दवाइयों के प्रभाव में बाधा कर सकती है। विशेषकर यदि आप एंटीहिस्टमीन, एंटीबायोटिक्स (टेट्रासाइक्लीन्स और क्विनोलोन्स जैसे नॉरफ्लोक्सासिन), आयरन, एंटीफंगल्स जैसे कीटोकोनाज़ोल, डिजॉक्सिन और बीटा ब्लॉकर्स (हृदय समस्या में), पेनिसिलामीन (आमतौर से रियुमेटोइडआर्थराइटिस में), ग्लूकोकोर्टिकॉइड (सूजन और ऑटोइम्यून समस्या सम्बंधित), न्यूरोलेप्टिक्स (मानसिक बीमारी में), थाइरोइड हॉर्मोन्स, क्लोरोक्वीन (मलेरिया सम्बन्धी), एस्ट्रामुस्टाइन (प्रोस्टेट कैंसर सम्बंधी) और बिसफोस्फोनेट्स (ऑस्टियोपोरोसिस सम्बंधी) ले रहे हैं।

# गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड कैसे लें?

दवा का प्रयोग करने से पहले जाँच लें कि ढक्कन की सील टूटी ना हो। दवा को मुँह के द्वारा लें और इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह हिलाएँ।

**12 वर्ष की आयु से ऊपर के बच्चे और बालिग़:**
10-20 ml खाने के बाद और सोते समय या फिर अपने डॉक्टर की सुझाव अनुसार लें।

**12 वर्ष से कम आयु के बच्चे:**
केवल डॉक्टर की सलाह पर देना चाहिए।

यदि आप इसका सेवन अधिक मात्रा में करते हैं तो आपको पेट फूलना और पेट में परेशानी हो सकती है। इससे आपको कोई नुकसान होने की सम्भावना नहीं होगी पर बेहतर है कि आप अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट की सलाह लें।

अगर आप कोई खुराक लेना भूल जाते हैं तो अगली बार दोगुनी खुराक लेना आवश्यक नहीं है, आप पहले की तरह ही खुराक जारी रखिये।

**गैविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड लेने के बाद:**
यदि दवा लेने के 7 दिन बाद भी लक्षण बने रहते हैं, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# संभावित साइड इफेक्ट्स

बहुत कम बार (10,000 में 1 से भी कम रोगी के इलाज उपरान्त) दवा में से किसी घटक सामग्री के कारण किसी को कोई एलर्जी हो सकती है। जिसके संभावित लक्षण हैं-, त्वचा पर लाल चकत्ते होना, सांस लेने में तकलीफ होना, चक्कर आना या चेहरे, होठों, जीभ और गले में सूजन होना। यदि आपको इनमे से कोई साइड इफेक्ट्स या अन्य (इस सूचना पत्रिका में दिए गए साइड इफेक्ट्स के अलावा अन्य) संभावित साइड इफेक्ट्स दिखे तो दवा लेना तुरंत बंद कर दें और अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से संपर्क करें।

आप सीधे **ConsumerHealth_India@reckitt.com** पर ई-मेल करके भी साइड इफेक्ट को रिपोर्ट कर सकते हैं। साइड इफेक्ट को रिपोर्ट करके, आप इस दवा की सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

# गेविस्कॉन पेपरमिंट लिक्विड को कैसे स्टोर करें?

**सभी दवाएं बच्चों की पहुंच और दृष्टि से दूर रखें।**
पैक पर लिखी एक्सपायरी तिथि (EXP महीना/साल) के बाद दवा का प्रयोग ना करें।
30°C से अधिक तापमान में ना रखें।
रेफ्रिजरेट या फ्रीज न करें।

# अधिक जानकारी

प्रत्येक 5 ml में शामिल हैं: सोडियम एलजीनेट 250 mg, सोडियम बाइकार्बोनेट 133.5 mg और कैल्शियम कार्बोनेट 80 mg सक्रिय सामग्री के रूप में।
अन्य घटक सामग्री के रूप में कार्बोमर, मिथाइल और प्रोपाइल पैराहाइड्रॉक्सीबेन्जोएट्स, सोडियम सैकरीन, पेपरमिंट ऑयल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड और पानी हैं।
इस दवा में चीनी या ग्लूटेन नहीं है।

**निर्मित द्वारा:**
Reckitt Benckiser Healthcare India Pvt Ltd.,
P.O Baddi Dist. Solan-173205 (H.P.), India.

**मार्केटेड द्वारा:**
Reckitt Benckiser (India) Pvt. Ltd., DLF Cyber Park,
6th & 7th floor (Tower C), 405 B,
Udyog Vihar Phase III, Sector 20, Gurugram-122016.
Toll Free Number: 18001035012
EMAIL: **ConsumerHealth_India@reckitt.com**